OIDO

आप्रवासन नज़रबंदी लोकपाल का कार्यालय

मदद चाहिए?

आप्रवासन नजरबंदी लोकपाल का कार्यालय (OIDO) एक स्वतंत्र और तटस्थ कार्यालय है—जो ICE और CBP से अलग है—जो अमेरिकी आप्रवासन हिरासत और नज़रबंदी में रखे गये सभी व्यक्तियों के लिए मानवीय व्यवहार और रहने की सुरक्षित स्थितियों के लिए प्रतिबद्ध है।

आप अपने सुविधा-स्थल के OIDO केस मैनेजर को किसी भी मुद्दे की रिपोर्ट कर सकते हैं—जैसे कि दुर्व्यवहार, अपर्याप्त भोजन या चिकित्सा उपचार, या रहने की खराब या असुरक्षित स्थितियाँ।

शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार

अपर्याप्त भोजन या चिकित्सा उपचार

रहने की खराब या असुरक्षित स्थितियाँ

OIDO के पास दायर की गई शिकायतें गोपनीय होती हैं, और केस मैनेजर आपकी सहमति के बिना आपके केस के बारे में कोई भी जानकारी प्रकट नहीं करेंगे। किसी OIDO केस मैनेजर से बात करने या शिकायत दर्ज करने से आपके आप्रवासन केस या नजरबंदी की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

OIDO केस मैनेजर अनुभवी और प्रशिक्षित पेशेवर होते हैं जो आपके आप्रवासन नजरबंदी संबंधी मुद्दों और सुविधा-स्थलों को समझते हैं और वे आपकी मदद करने के लिए तत्पर हैं।

शिकायत दर्ज करने के लिए, अपने सुविधा-स्थल में OIDO केस मैनेजर से बात करने के लिए कहें। अगर आप हिरासत या नज़रबंदी में हैं और आपको टैबलेट तक पहुंच प्राप्त है, तो “Requests” (अनुरोध) अनुभाग में “OIDO” टैब के तहत अपॉइंटमेंट के लिए साइन-अप करें। आपका परिवार, कानूनी प्रतिनिधि, या अन्य अधिवक्ता भी dhs.gov/OIDO पर आपकी ओर से शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

OIDO अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ़ होमलैंड सिक्योरिटी (अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग) (DHS) के भीतर एक स्वतंत्र कार्यालय है।

www.dhs.gov/OIDO

Hindi